तापमान
अधिकतम 39 .2 डिग्री
न्यूनतम 11 .8 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 अप्रैल, 2025



11 चेयरमैन ने पार्षदों के साथ विचार विमर्श किया



12 सड़क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, काम रुकवाया



## खबर संक्षेप

### धान की चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में गाड़ी से धान की चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुशील निवासी जटवाड़ा हाल में सेक्टर-12 का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में असंल सनशाइन काउंटी सोनीपत निवासी राजेश ने गत 13 जनवरी को पुलिस से शिकायत दी थी।

### हनुमान जन्मोत्सव व सुंदर कांड पाठ 12 को

**गोहाना।** पुरानी सब्जी मंडी के समीप स्थित सनातन धर्म मंदिर शिवाला मस्तनाथ में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव व सुंदर कांड का पाठ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सनातन धर्म मंदिर शिवाला मस्तनाथ समिति द्वारा आयोजित किया जाएगा जिसमें वृंदावन धाम से प्रीति रामानुज सुंदर कांड का पाठ करेंगी। यह कार्यक्रम सायं 5 बजे से रात्रि 7 बजे तक चलेगा।

### रेलवे कर्मचारी के घर से आभूषण व नकदी चोरी

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र स्थित रेलवे विभाग में तैनात कर्मचारी के घर से आभूषण व नकदी के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। कर्मचारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। गांव गौधापुरा करोली राजस्थान निवासी दिनेश चंद मीणा ने बताया कि वह रेलवे विभाग में तैनात है। हाल में रेलवे आवास में संख्या ई 77 में रहता है। वह गत दो अप्रैल को सांदल कलां स्टेशन पर डयूटी पर तैनात था। देर शाम साढ़े पांच बजे अपने आवास पर पहुंचा। जहां उसके आवास का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर सामान की जांच की तो अलमारी से पैंतीस हजार रुपये राशि व एक सोने की चेन, सोने की अंगूठी, सोने की नेकलेस, सोने के आभूषण, चांदी की कमरबंद व पाय सहित अन्य सामान गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

# पत्नी की गला रेतकर हत्या, मां को जाकर बताया- मैंने निशा को मार डाला

» गांव भैंसवान खुर्द में दिल दहला देने वाली वारदात » 14 माह पहले हुई थी साहिल और निशा की शादी » दो माह पहले बेटा होने के बाद कलह शुरू हुआ

हरिभूमि न्यूज ›› गोहाना

गांव भैंसवान खुर्द में एक युवक ने अपनी पत्नी की चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। उनकी 14 माह पहले उनकी शादी हुई थी और उनका दो माह का बेटा है। बेटा होने के बाद उनमें कलह बढ़ गया था। बुधवार देर रात को वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंची तो पत्नी का शव कमरे में खून से लथपथ पड़ा था। हत्या करने के बाद युवक ने दूसरे कमरे में सो रही मां को जाकर बताया कि उसने निशा को मार डाला है। पुलिस ने भौतिक साक्ष्य जुटा कर शव को नागरिक अस्पताल गोहाना भिजवाया। सास की शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। दिल्ली में गांव मुखबिलपुर की सपना ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बेटी निशा उर्फ ईशा की शादी गांव भैंसवान खुर्द के साहिल से 17 फरवरी 2024 को की थी। छोटी बेटी खुशी की शादी साहिल के छोटे भाई सावन ने की थी। दो माह पहले निशा ने बेटे को जन्म दिया। उसके बाद से साहिल ने निशा को अधिक परेशान करना शुरू कर दिया था। वह निशा से कहता था कि तू मुझे पसंद नहीं है और तुझे जान से मारकर दूसरी शादी करूंगा।


साहिल के साथ निशा का फाइल फोटो

### बच्चे के साथ से रही थी निशा, तब की वारदात

मंगलवार रात को खाना खाने के बाद साहिल व निशा बच्चे के साथ कमरे में सोने के लिए चले गए। देर रात को उसने चाकू से गला रेत उसकी बेटी की हत्या कर दी। सपना की शिकायत पर साहिल के विरुद्ध बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। वारदात की सूचना मिलने पर बरोदा थाना के अंतर्गत भैंसवान चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची तो निशा का शव कमरे में खून से लथपथ पड़ा था। एफएसएल की टीम ने भी मौके से भौतिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने विभिन्न पहलुओं पर जांच करते हुए आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

### सास ने देखा लहूलुहान पड़ा बहू का शव

बताया गया कि साहिल पत्नी की हत्या करने के बाद दूसरे कमरे में सो रही मां लाजवंती के पास गया था। उसने मां से कहा कि बेटा कालू रो रहा है, आप उसे जाकर संभाल लें। मां ने कहा कि बच्चे को निशा संभाल लेगी। इस पर उसने कहा कि वह अब नहीं रही है, मैंने उसे मार दिया। यह कहकर वह भाग गया। लाजवंती दौड़ कर गई तो निशा का शव पड़ा मिला। निशा का शव लहूलुहान हालत में पड़ा देख साहिल की मां के पैरों नीचे से जमीन खिसक गई। पत्नी की हत्या करने के बाद साहिल मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

### गिरफ्तारी जल्द

सास की शिकायत पर साहिल के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। वह पत्नी को पसंद नहीं करता था और दूसरी शादी करना चाहता था। विभिन्न पहलुओं को लेकर जांच की जा रही है। जल्द आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

*-महिपाल, प्रभारी, बरोदा थाना*

## जिले में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर विभागीय स्तर पर शिकंजा कसा

# एक्शन में शिक्षा विभाग, 89 स्कूल चिन्हित किए मान्यता नहीं ली तो बंद करने की तैयारी

- जिला शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों को जारी किए निर्देश
- बिना मान्यता व मान्यता से अधिक कक्षाएं लगाने वाले स्कूलों की सूची तैयार होगी

हरिभूमि न्यूज ›› सोनीपत

बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे स्कूल जोकि बिना मान्यता के चल रहे हैं, ऐसे स्कूलों के खिलाफ विभागीय स्तर पर शिकंजा कसने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नए शैक्षणिक सत्र के साथ ही ऐसे स्कूलों पर काबू पाने का काम शुरू किया जा रहा है। इसका एक फायदा राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने का भी होगा। बताया गया है कि जिले में ऐसे 89 स्कूल चिन्हित किए गए हैं, जोकि बिना मान्यता के चल रहे हैं। इन स्कूलों को सूचीबद्ध कर इनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस संदर्भ में निर्देश जारी करते हुए टीम भी गठित कर दी है। बता दें कि जिले में बिना मान्यता के कई निजी स्कूल चल रहे हैं। इन स्कूलों में हर साल अभिभावकों को गुमराह कर बच्चों का दाखिला करवा लिया जाता है। जिसके बाद फिर सरकार के सामने बच्चों के भविष्य के सवाल रखते हुए मान्यता को लेकर छूट प्राप्त की जाती हैं। लेकिन इस बार शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। जिसके तहत चिन्हित किए गए स्कूलों को बंद करवाने की कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग ने भी जिला शिक्षा अधिकारियों को ऐसे स्कूलों का निरिक्षण कर दाखिला संबंधी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि यदी कोई स्कूल नियमों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 70 कलस्टर बनाए, प्रत्येक पर एक टीम



जिले में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर कार्रवाई करने के लिए कलस्टर स्तर पर टीमें गठित की हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में 70 कलस्टर बनाए गए हैं। कलस्टर के सभी स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने क्षेत्र के चल रहे निजी विद्यालयों का भौतिक सत्यापन करें। स्कूल के रिकार्ड की जांच के साथ ही मान्यता संबंधित रिकॉर्ड शिक्षा विभाग के रिकॉर्ड से मिलान करें। कई बार स्कूल के पास मान्यता पांचवीं या आठवीं तक की होती है, लेकिन स्कूल में बच्चों की कक्षाएं 12वीं तक की लगवाई जाती है। ऐसी अवस्था में अगर स्कूल में बच्चों का दाखिला किया हुआ मिलता है तो उसे रद्द करवाकर नजदीक के राजकीय विद्यालय में करवाना सुनिश्चत करेंगे। ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

### नोटिस के बाद भी धडल्ले से चल रहे

जिले में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में भी बिना मान्यता के 89 स्कूल मिले थे, जिन्हें स्कूल बंद करने के लिए नोटिस भी थमाए गए थे, उसके बावजूद स्कूल संचालक धड़ल्ले से स्कूल चलाते रहे। ऐसे स्कूलों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई, बाद में स्कूल संचालकों ने बच्चों के भविष्य की दुहाई देते हुए छूट प्राप्त कर ली थी। इस बार भी ऐसी ही स्थिति ना हो, इसके लिए विभागीय स्तर पर पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ताकि मान्यता प्राप्त नहीं करने और बंद करने की स्थिति में किसी बच्चे की पढ़ाई खराब ना हो।

### बिना मान्यता के कहां कितने स्कूल चल रहे



| खंड | स्कूल |
|---|---|
| गन्नौर | 06 |
| गोहाना | 13 |
| कथूरा | 01 |
| खरखौदा | 05 |
| मुडलाना | 02 |
| राई | 33 |
| सोनीपत | 29 |
| कुल | 89 |

### ऐसे स्कूलों में दाखिला न करवाएं अभिभावक

जिले में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए टीमों का गठन किया गया है। कोई स्कूल बिना मान्यता लिए ही दाखिला कर रहा है तो यह नियमों के विरुद्ध है, ऐसे स्कूलों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिले में फिलहाल 89 स्कूल बिना मान्यता के चल रहे हैं। अभिभावकों से भी आह्वान है कि वह मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही अपने बच्चों का दाखिला करवाएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

*-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।*

## एक लाख रुपये रिश्वत लेते अर्जीनवीस गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ›› गोहाना

- प्लाट की रजिस्ट्री कराने के लिए रिश्वत मांगी थी
- एसीबी करनाल की टीम ने की कार्रवाई

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) करनाल की टीम ने गोहाना में अर्जीनवीस को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। आरोप है कि अर्जीनवीस ने अधिकारियों से मिलकर प्लाट की रजिस्ट्री कराने के लिए रिश्वत मांगी थी। टीम ने उसे गिरफ्तार किया और पूरे रुपये बरामद किए। इस संबंध में थाना एसीबी रोहतक में केस दर्ज किया गया। एक व्यक्ति ने एसीबी करनाल में शिकायत दी कि उसने गांव खंदराई के निकट 667 वर्ग गज प्लाट खरीदा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्लाट की रजिस्ट्री कराने के लिए गोहाना के अर्जीनवीस राजीव कुमार उर्फ यशपाल मल्होत्रा ने अधिकारी के कहने पर उससे एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। शिकायत पर कार्रवाई के लिए एसीबी करनाल की टीम गोहाना पहुंची। शिकायतकर्ता ने जैसे ही यशपाल मल्होत्रा को एक लाख रुपये दिए तो टीम ने उसे पकड़ लिया। इस संबंध में केस दर्ज किया गया।

## गन्नौर मार्केट कमेटी के सचिव दीपक सिहाग निलंबित

**गन्नौर।** गन्नौर मार्केट कमेटी के सचिव दीपक सिहाग को सरकार ने निलंबित कर दिया है। उन पर कृषि मंत्री के आदेश की अवहेलना और भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। निलंबन के बाद उनके खिलाफ पहले से चल रही जांच तेज कर दी गई है। मामला गन्नौर की अनाज मंडी में स्थित श्री चंद प्रमोद जैन फर्म से जुड़ा है, जिसे नई अनाज मंडी में दुकान आवंटित नहीं हो पाई थी। फर्म मालिक गौरव जैन ने इस मामले में कृषि मंत्री को शिकायत की थी। मंत्री ने सिहाग को दुकान आवंटित करने का आदेश दिया। आरोप है कि सिहाग ने आदेश मानने से इनकार कर दिया और दुकान आवंटन के बदले रिश्वत मांगी। इस पर गौरव जैन ने मंत्री से फिर शिकायत कर दी। कृषि मंत्री ने सिहाग के निलंबन का आदेश जारी कर दिया। कृषि मंत्री के आदेश पर सिहाग को पंचकूला स्थित मुख्यालय में अटैच कर दिया है, जहां वे बिना अनुमति नहीं जा सकते।

## हादसों में युवक और गाड़ी चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ›› सोनीपत

बहालगढ़ व मोहाना थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार युवक व गाड़ी चालक की मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। बाइक सवार अपने दो अन्य दोस्तों के साथ शामाबाद गांव से बहालगढ़ में खाना खाने के लिए जा रहे थे। बहालगढ़ रोड पर ट्रक ने उनको टक्कर मार दी। वहीं, गाड़ी चालक की ट्रैक्टर के साथ टक्कर होने पर हादसे में मौत हो गई। गांव सबैठवा बेतिया बिहार निवासी दीपक मेहता दोस्त रामसुंदर व हसमाबाद में रहने वाले चंडीगढ़ के गांव हल्लोमाजरा के श्रीलाल के साथ बाइक पर बहालगढ़ जा रहे थे। बहालगढ़-सोनीपत रोड पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी और ट्रक का पहिया दीपक के ऊपर से गुजर गया। हादसे में रामसुंदर को भी चोट आई।

### पिनाना फ्लाईओवर पर ट्रैक्टर की टक्कर

आदमपुर ढाणी हिसार निवासी रामकुमार दरवाजे और चौखट लोड कर नरेला के लिए चला था। जब वह गोहाना रोड पर पिनाना फ्लाईओवर पर पहुंचे तो ट्रैक्टर के साथ गाड़ी टक्कर हो गई। हादसे में राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने के चलते महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे खानपुर लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भांजे राधेश्याम की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहाना थाना पुलिस ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है।

## खेत से खाद व सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** गांव बड़वासनी में किसान के खेत में बने कोठरे से खाद्य व अन्य सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। गांव बड़वासनी निवासी कुलदीप ने बताया कि उसने गांव में जमीन ठेके पर ले रखी है। वह गत 28 मार्च को रात को खेत में पहुंचा। जहां कोठरे का दरवाजा टूटा हुआ मिला। उसके अंदर यूरिया खाद के पांच कट्टे डीएपी व सल्फर का दो एकड़ सुड़वा, पाइप लाइन सहित अन्य सामान गायब मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

## सीवर के गंदे पानी की शिकायत पर मेयर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ›› सोनीपत

कालूपुर गांव के पीछे दहिया कॉलोनी को जाने वाले मार्ग पर फैले सीवर के गंदे पानी की लगातार आ रही शिकायतों के चलते नगर निगम के मेयर राजीव जैन मौके पर पहुंचें। उन्होंने अधिकारियों को बुलाकर समस्या के स्थायी समाधान के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिए, अस्थाई तौर पर पानी निकलने के लिए ट्रैक्टर एवं सीवरेज की लाइन की सफाई शुरू करवाई। राजीव जैन ने अधिकारियों से कहा कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए सड़क से लहराड़ा वाले रास्ते तक सीवरेज को नई लाइन बिछा कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने वाली बड़ी लाइन में जोड़ने कि संभावनाएं तलाश कर एस्टीमेट तैयार किया जाये। उन्होंने बताया कि इस सीवर लाइन डलने से विशाल नगर, कबीर नगर को बड़ी राहत मिल सकती है। पार्षद मोनिका अनिल नागर, भाजपा नेता अनिल ग्रोवर, अधीक्षण अभियंता देवेंद्र, कनिष्ठ अभियंता सचिन शर्मा उपस्थित रहे। इसके अलावा मेयर राजीव जैन ने खिजर मकबरे वाली सड़क का काम शुरू किया।

जाटवडे में खिजर मकबरे के साथ हनुमान नगर को जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य लम्बे आरसे के बाद शुरू हो गया। मेयर राजीव जैन एवं पार्षद ने 15 लाख रूपये की लागत से बनने वाली सड़क का नारियल तोड़कर निर्माण कार्य शुरू किया। इसके बनने के बाद जटवाड़ा एवं हनुमान नगर वासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा होगी।


सोनीपत। सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए मेयर राजीव जैन एवं अन्य।

## सरकारी खरीद शुरू, 180 क्विंटल गेहूं खरीदा, मंडी में पहुंच रहे किसान

# 14 प्रतिशत नमी वाला गेहूं ही खरीदा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ›› सोनीपत

सोनीपत अनाज मंडी में वीरवार को गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू होने के तीसरे दिन गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। वीरवार को सोनीपत अनाज मंडी में एचडब्ल्यूसी की तरफ से 180 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। मंडी में गेहूं की तीन ढेरियां पहुंची थी, जिसमें से एक ढेरी में नमी की मात्रा 16 प्रतिशत होने के कारण उसकी खरीद नहीं हो पाई। सरकार सिर्फ 14 प्रतिशत नमी वाले गेहूं की ही खरीद करेगी।

बता दें कि सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग पर स्थित नई अनाज मंडी में सरसों की सरकारी खरीद शुरू के लिए पोर्टल 15 मार्च से ओपन हुआ था। सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार गेहूं की खरीद प्रक्रिया के लिए 1 अप्रैल से पोर्टल ओपन हुआ था, लेकिन पहले दो दिन गेहूं की आवक कम होने व नमी अधिक होने से सरकारी खरीद नहीं हो पाई थी। वीरवार को दो ढेरियां गुणवत्ता के हिसाब से उचित मिली, जिसके बाद गेहूं को खरीदा गया।


सोनीपत। मंडी में उतारी गेहूं की ढेरी।

### अब तक 2484.97 मीट्रिक टन सरसों की खरीद

वहीं दूसरी तरफ अब तक जिले में कुल 2484.97 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 1853.8 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। सरसों की खरीद निर्धारित एमएसपी मूल्य 5950 पर की जा रही है। गन्नौर मंडी में 755 मीट्रिक टन, गोहाना मंडी में 350 मीट्रिक टन, खरखौदा में 771.4 मीट्रिक टन तथा सोनीपत मंडी में 608.57 मीट्रिक टन सरसों की आवक हुई है,जिसकी एचडब्ल्यूसी व हैफेड द्वारा खरीद की जा चुकी है। मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर जिले में 10 हजार 871 एकड़ भूमि का किसानों ने पंजीकरण करवाया है।

### फसल में नमी मिल रही है

मंडी में बृहस्पतिवार को 180 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद की गई है। वहीं 650 क्विंटल सरसों की खरीद बृहस्पतिवार को अनाज मंडी में की गई है। फसल में नमी मिल रही है। किसानों का आह्वान किया गया है कि वे कम नमी वाली फसलें लेकर मंडी में पहुंचे, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

*-सुरजीत कुमार, प्रतिनिधि, एचडब्ल्यूसी, सोनीपत।*

## छत्तीसगढ़ में हुई सब जूनियर नेशनल थ्रोबाल चैम्पियनशिप में गीतांश ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ›› खरखौदा

32 वीं सब जूनियर थ्रोबाल चैम्पियनशिप भिलाई, छत्तीसगढ़ में आयोजित की गई। जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा के गीतांश सिवाच ने गोल्ड मैडल जीतकर प्रदेश व अपने का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रांगण में गीतांश सिवाच का द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया, अशोक कुमार भारतीय खेल प्राधिकरण, धर्मपाल रोहिला, गीतांश के पिता सचिन सिवाच व थ्रोबाल कोच रिंकु ने स्वागत किया। द्रोणाचार्य अवार्डी कोच ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि नेशनल वुशु चैम्पियनशिप में गोल्ड मैडल जीतकर गीतांश ने अपने काबिलियत को सिद्ध किया है। विद्यालय के खिलाड़ी अब तक इंटरनेशनल लेवल पर 238 व नेशनल लेवल पर 1932 पदक प्राप्त कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। गीतांश ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कठोर मेहनत, अपने प्रशिक्षक, प्रताप स्कूल प्रबंधन समिति व अपने माता-पिता को दिया। उन्होंने बताया कि वह कड़ी मेहनत और तैयारी कर रहे हैं, ताकि भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकें।



खरखौदा। गीतांश का स्वागत करते हुए स्कूल परिवार व गणमान्य।

स्पेशल: जू लवर्स-डे, 8 अप्रैल

रोचक / रजनी अरोड़ा

## अट्रैक्टिव-डिफरेंट-फेमस

# दुनिया के अमेजिंग जू

बच्चो, तुमने अपने शहर या किसी दूसरे शहर में स्थित जू यानी चिड़ियाघर को जरूर देखा होगा। वैसे तो दुनिया भर में लगभग दस हजार जू हैं। लेकिन उनमें से कुछ ऐसे हैं, जो अपनी विशेषता के कारण बहुत फेमस हैं। यहां हम तुम्हें कुछ ऐसे ही अनोखे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं।









### वियना चिड़ियाघर

**इस चिड़ियाघर** का निर्माण ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1752 ई. में किया गया था। 'टियरगार्टन शॉनब्रून' नाम से मशहूर यह चिड़ियाघर पवित्र रोमन सम्राट फ्रांसिस प्रथम ने स्थापित किया था। यह चिड़ियाघर वियना के प्रसिद्ध शॉनब्रून पैलेस के अंदर शाही परिवार के लिए एक निजी उद्यान के रूप में शुरू हुआ था। लगभग 17 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 18वीं सदी की ऐतिहासिक इमारतें और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां पांडा, पोलर बियर, शेर, बाघ, तेंदुआ जैसे अलग-अलग वातावरण में पाए जाने वाले जानवर देखने को मिलते हैं। दुनिया के सबसे पुराने इस चिड़ियाघर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है। *

### दार्जिलिंग चिड़ियाघर

**अपने ही** देश भारत में दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के बिर्च हिल इलाके में स्थित इस जू का निर्माण 1958 में किया गया था। 1975 में बंगाल की पूर्व गवर्नर और स्वाधीनता सेनानी सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू के नाम पर इस जू का नाम 'पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क' रखा गया। इसे 'दार्जिलिंग चिड़ियाघर' के नाम से भी जाना जाता है। यह 7,000 फीट की ऊंचाई पर 67.5 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस चिड़ियाघर में मुख्य रूप से अल्पाइन क्षेत्र में रहने वाले हिमालयी पशुओं को संरक्षित किया गया है। यहां 200 से अधिक पशु प्रजातियों में स्नो लेपर्ड, तिब्बती वुल्फ, लाल पांडा, साइबेरियन टाइगर, हिमालयी न्यूट, ब्लू शीप, हिल मोनाल, रिंग नैकेंड पीसेंट, ब्लड पीसेंट, ट्रैगोपैन जैसे लुप्तप्राय पशु-पक्षी भी हैं। यह चिड़ियाघर लाल पांडा के संरक्षण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। *

### बटरफ्लाई जू




**वर्ष 1988** में बना फ्लोरिडा (अमेरिका) का बटरफ्लाई वर्ल्ड जू, दुनिया का सबसे बड़ा बटरफ्लाई चिड़ियाघर है। यहां करीब 5 हजार रंग-बिरंगी बटरफ्लाई हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसके साथ ही इस चिड़ियाघर में अमेरिका का सबसे बड़ा हमिंगबर्ड, लोरिकेट जैसी उष्णकटिबंधीय बर्ड्स का घर भी है। पर्यटक यहां इन बर्ड्स को खाना भी खिला सकते हैं। यहां के इंसेक्टेरियम में कई तरह के बग्स भी देखे जा सकते हैं। पॉपकॉर्न पार्क चिड़ियाघर 1977 में न्यू जर्सी (अमेरिका) में वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से यह चिड़ियाघर बनाया गया था। इसमें प्रायः बड़ी उम्र के बीमार, घायल या बेसहारा जानवरों को ही रखा जाता है। इनमें कुत्ते, बिल्लियों जैसे घरेलू जानवर ही नहीं, शेर, बाघ, हाथी, ऊंट, लामा, इमू, लोमड़ी, बंदर, हिरण, कछुए जैसे जानवर और कई तरह के पक्षी भी हैं। *

### चिड़ियाघर नहीं समुद्री गुफा



**बच्चो,** अमेरिका के ऑरेगन समुद्र तट पर स्थित केव्स ऑफ सी लॉयन, चिड़ियाघर नहीं, बल्कि एक समुद्री गुफा है। यह स्टेलर सी लॉयंस और अन्य समुद्री जंतुओं का प्राकृतिक आवास है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी समुद्री गुफा है। माना जाता है कि बेसाल्ट रॉक से बनी इन केव्स (गुफाओं) का निर्माण 25 मिलियन साल पहले हुआ था। आधुनिक काल में इसकी खोज 1880 में कैप्टन विलियम कॉक्स ने की थी। इस स्थान को स्थनीय लोगों और पर्यटकों के लिए 1932 में खोला गया। सी लॉयंस केव्स तकरीबन 12 मंजिला इमारत जितनी ऊंची और फुटबॉल मैदान की लंबाई जितनी बड़ी है। स्टेलर सी लॉयंस के अलावा यहां कैलिफोर्निया के सी लॉयंस, टफटिड पफिंस, बाल्ड ईगल आदि कई तरह के जंतु भी पाए जाते हैं। सी लॉयंस केव्स को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल किया गया है। *

### लोन पाइन कोआला सेंचुरी



**यह ऑस्ट्रेलिया** के क्वींसलैंड में 1927 में बना, दुनिया का पहला सबसे बड़ा और सबसे पुराना कोआला चिड़ियाघर है। 18 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 130 से अधिक कोआला हैं। यह चिड़यिाघर क्लार्कसन परिवार द्वारा लगाए गए पाइन के दो पेड़ों और जैक एंड जिल नामक दो कोआला से शुरू हुआ था। आज यहां कंगारू, तस्मानिया डेविल, पैरेट्स, काकातुआ, इमु, कैसोवरी, लौरिकेट, प्लेटीपस और कई तरह के सरीसृप भी पाए जाते हैं। इस चिड़यिाघर की खासियत है कि यहां आने वाले पर्यटक चाहें तो इन जानवरों को खाना भी खिला सकते हैं। *

जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चो, हर साल 6 अप्रैल को इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस डे मनाया जाता है। जानो, यह क्यों मनाया जाता है, इस वर्ष इसकी थीम क्या है?

## विकास-शांति-स्वास्थ्य के लिए

# हम भी खेलें-तुम भी खेलो

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि वर्ष में कई तिथियों को विशेष दिवस के रूप में मनाते हैं। जैसे 26 जनवरी को हम सब गणतंत्र दिवस मनाते हैं। 14 नवंबर को तुम बाल दिवस मनाते हो। अभी बीते 1 अप्रैल को तुमने फूल डे भी मनाया होगा। अच्छा क्या तुमको पता है कि हर वर्ष 6 अप्रैल को किस रूप में मनाया जाता है? नहीं पता? चलो हम तुम्हें बताते हैं। 6 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस' के रूप में मनाया जाता है। अर्थात विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस। तुम्हें पता होगा कि अपने देश में हर वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया के लोगों को खेलों का महत्व बताना है।



**इस वर्ष की थीम:** हमारे लिए विकास का बहुत महत्व है। विकास का मतलब है, पहले से बेहतर होना। शांति का भी उतना ही महत्व है। तो इन दोनों को ध्यान में रखकर ही 'विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन की थीम 'लेवलिंग द प्लेइंग फील्ड: स्पोर्ट फॉर सोशल इनक्लुजन' निर्धारित की गई है। इसका अर्थ है- सामाजिक समावेशन के लिए खेलकूद के समान अवसर बनाना। समावेशन का अर्थ होता है, हमारे समाज के सभी लोगों को शामिल करना। जैसे अलग-अलग रंग के, अलग-अलग आकार के, अलग-अलग सुगंध के फूल मिलकर बगिया को खूबसूरत बनाते हैं, वैसे ही सभी तरह के लोगों को जब एक साथ शामिल किया जाएगा, तभी हमारा समाज सुंदर बनेगा। इसके लिए खेलकूद से बेहतर साधन क्या हो सकता है!

**आयोजक है ओलंपिक समिति:** तरह-तरह के खेल खेलने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है न! स्कूल में भी गेम्स पीरियड का तुम बेसब्री से इंतजार करते हो। छुट्टियों में तो अपने दोस्तों के साथ जमकर खेल का आनंद लेते ही हो। केवल बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी विभिन्न खेलों का खूब आनंद लेते हैं। तुम्हें पता है, दुनिया में खेलकूद का सबसे बड़ा आयोजन ओलंपिक होता है। इसका आयोजन करने वाली समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। हर देश में भी एक ओलंपिक समिति होती है, जो उस देश में खेलकूद को बढ़ावा देने का काम करती है।

**खेलों की महत्ता:** खेलकूद का समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें भेदभाव मिटाकर सभी को बराबर मौका मिलता है। खेलकूद के आयोजन में सभी क्षेत्र के, सभी वर्ग के, सभी धर्म के, सभी रंग के खिलाड़ी भाग लेते हैं। लोग आपसी मतभेद भुलाकर मिल-जुल कर खेलते हैं, इससे शांति का माहौल बनता है। जब माहौल शांति का होता है तो समाज और देश का विकास होता है। यही नहीं, खेलकूद से शारीरिक क्षमता बेहतर होती है। साथ ही हमारा मन भी स्वस्थ रहता है। तो तुम भी खेलकूद में जमकर हिस्सा लो और अपने शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाओ। *

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## बच्चों की आजादी



सजे-धजे स्कूल सभी हों,
खुशी-खुशी सब आएं।
टीचर जी से खुलकर बोलें,
मन की बात बताएं।
खेल-खेल में करें पढ़ाई,
करके सब कुछ सीखें।
विद्यालय की हरित वाटिका,
मिल-जुलकर हम सींचें।
डांट-डपट से दूर रहें हम,
बनें न कभी फसादी।
बात-बात पर शाबाशी हो,
कदम-कदम आजादी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## कौवे की मजेदार शादी




शादी-ब्याह का समारोह हो या कोई दावत, तुम उसमें खूब सज-धज कर जाते होगे, है न! इस रंगीन चित्रों वाली किताब 'कालू कौवे की शादी' में ऐसा ही एक किस्सा है, जिसमें एक कौवा अपनी शादी की खुशी में खूब सजा-धजा दिखना चाहता है। इसके लिए वह निकल पड़ता है, अपने दोस्तों से उनकी मदद मांगने। मोर से वह रंग-बिरंगे पंख उधार लेता है, मिट्ठू तोते से उसकी सुंदर लाल चोंच। उल्लू से आंखें और शुतुरमुर्ग से लंबे-लंबे पैर। अब यह सब पहनकर वह अनोखा बन जाता है। फिर निकल पड़ता है, अपनी बारात लेकर कौवी से शादी रचाने। लेकिन बाहर के मौसम और धूप से इस अनोखी बारात में सब उलट-पुलट हो जाता है। यह सब कैसे होता है और फिर अंत में क्या होता है, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। *

**किताब:** कालू कौवे की शादी, **लेखिका:** डॉ. कमलेश कुमारी, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, **दिल्ली**



गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

घूमने की शौकीन चिल्ली बिल्ली एक दिन जंगल पहुंच गई। उस समय जंगल का राजा बाघ सैर पर था। उसके भेड़िए सैनिकों ने बिल्ली को धर दबोचा। वह बाघ राजा के सामने लाई गई। चिल्ली बिल्ली ने बहुत सूझ-बूझ से काम लिया। बाघ राजा के सामने उसने कुछ इस तरह बातें बनाईं कि वह चिल्ली बिल्ली को अपनी मौसी मान बैठा।

# बाघ की मौसी चिल्ली बिल्ली



एक थी बिल्ली। नाम था चिल्ली। चिल्ली घूमने की बहुत शौकीन थी। दिन शुरू होते ही वह घूमने निकल पड़ती। पूरा दिन बस घूमना-फिरना। एक बार चिल्ली घूमते-घूमते जंगल में पहुंच गई। वहां उसे कुछ जानवर मिले। जंगल के रास्ते के बीचों-बीच चिल्ली को चलते हुए देख एक जानवर ने पूछा, 'कौन है तू? बीच रास्ते में क्यों चल रही है? इस जंगल का राजा बाघ सैर करने निकला है। वह तुझे बीच रास्ते में टहलते देखेगा तो गुस्साएगा।'

बिल्ली ने अपना सीना फुलाकर कहा, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। मैं तुम्हारे राजा बाघ से डरती-वरती नहीं।' यह कह बिल्ली आगे बढ़ गई। थोड़ा आगे गई तो दो सैनिक भेड़िए मिले। बिल्ली को बीच रास्ते में चलती देख दोनों चिल्लाए, 'ओय तू है कौन? राजा जंगल में सैर करने निकले हैं और तू उनके रास्ते के बीच इस तरह घूम रही है? राजा देख लेगा तो तेरी खाल उधेड़ देगा।'

बिल्ली ने अपना सिर उठाया और रुआब से बोली, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। बाघ राजा होगा तुम्हारा। मैं उससे डरती-वरती नहीं हूं।'

इतने में जंगल का राजा बाघ वहां आ पहुंचा। सैनिक घबरा गए। उनको कुछ समझ में नहीं आया कि क्या करें? जंगल में सैर करने में बाधा आने से बाघ गुस्साया। जोर से गुर्राते हुए बोला, 'कौन है यह?'

बाघ को देखकर और उसकी दहाड़ सुनकर बिल्ली के होश उड़ गए, लेकिन उसने तुरंत ही अपने आपको संभाल लिया और एक तरकीब सोच ली।

सैनिकों ने झुक-झुक कर राजा को सलामी दी और बताया, 'हुजूर, यह कहती है- मैं तुम्हारे राजा से डरती-वरती नहीं हूं।'

बाघ ने लाल-लाल आंखों से बिल्ली की ओर देखा और सैनिकों को हुकुम दिया, 'इसे दरबार में ले आओ। मैं जंगल का दौरा पूरा कर वापस आता हूं, इसके बाद इससे निपटता हूं।'

सैनिकों ने बिल्ली को गिरफ्तार किया और राजा के दरबार में ले गए। थोड़ी देर बाद बाघ दरबार में आया। बिल्ली को बाघ के सामने लाया गया। बाघ ने दहाड़ कर पूछा, 'ओय बिल्ली, क्या तू मुझसे डरती नहीं?'

बिल्ली लापरवाही से अपने शरीर को पंजों से खुजलाते हुए बोली, 'नहीं, मैं तुमसे डरती नहीं हूं।'

बाघ और ज्यादा क्रोधित होकर बोला, 'तुझे पता है, मैं इस जंगल का राजा हूं?'

'होगा! इससे मुझे क्या? न तो मैं इस जंगल में रहती हूं और न ही तुम मेरे राजा हो। मैं तो तुम्हारे परिवार की सदस्य हूं। फिर मुझे तुमसे क्यों डरना चाहिए?' बिल्ली तिरछी नजर से बाघ की तरफ देखते हुए बोली।

'मेरे परिवार से मतलब..? बाघ को बात कुछ समझ में नहीं आई।

बिल्ली अपना मुंह फुलाकर बोली, 'बाघ राजा, क्या तुमको इतना भी पता नहीं? तुम्हारी मां और मैं दोनों बहने हैं।' बाघ चौंका। उसने बिल्ली को ध्यान से देखा और बोला, 'अरे जा! तू झूठ बोल रही है। कहां मेरी ताकतवर मां और कहां इतने छोटे कद वाली तू! तू तो मेरे बच्चे से भी छोटी है!'

'तुम्हारी बात सही है, बाघ जी! फिर भी हम दो बहनें हैं। तुम्हारी मां का शरीर ताकतवर, भयानक और बड़ा है और मैं इतनी छोटी हूं। इसके पीछे एक लंबी कहानी है।' बिल्ली बाघ से बोली।

बाघ को बिल्ली की बातों में दिलचस्पी होने लगी। उसने पूछा, 'कौन सी कहानी..?'

बिल्ली ने कहानी बताई, 'मैं और तुम्हारी मां सगी बहनें हैं। तुम्हारी मां बड़ी और मैं छोटी। तुम्हारी मां जब बड़ी हो गई तो वह जंगल में चली आई। अच्छी-सी गुफा बनाई और उसमें रहने लगी। फिर वह जंगल के जानवरों का शिकार करके उनका मांस खाने लगी। उसका शरीर बढ़ता गया। इसलिए वह मोटी और ताकतवर बन गई।'

बाघ उसकी बात ध्यान से सुन रहा है या नहीं, यह देखने के लिए बिल्ली बोलते हुए थोड़ी देर रुक गई।

बाघ ने उत्सुकता से पूछा, 'फिर क्या हुआ?'

'हां... बताती हूं। तब मैं बहुत छोटी थी। एक बार मैं अकेली गुफा के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते मैं काफी दूर निकल गई। फिर गुफा में वापस जाने का रास्ता भूल गई। एक गांव में पहुंच गई। वहां जंगल का कोई भी जानवर नहीं दिखा तो मैं रोने लगी। इतने में राजू नाम का एक लड़का आया। उसने मेरे आंसू पोंछे, मेरा सिर सहलाया और अपने घर ले गया। उसने मुझे अपने घर में ही रखा। वह जो खाता था वही दूध और रोटी मुझे खिलाता। ऐसे खाने से मेरा शरीर छोटा ही रह गया और मैं इतनी छोटी ही रही। अब तो मेरी बात तेरी समझ में आई कि नहीं आई?' बिल्ली ने अपनी बात पूरी की।

राजा बाघ और बाकी जानवरों को बिल्ली की बात सच्ची लगी। बाघ खुश हो गया। वह अपने सिंहासन से खड़ा हुआ, बिल्ली के पास गया और उसे प्रणाम किया। फिर बोला, 'मेरी मां तो अब इस दुनिया में नहीं है, पर तुम मेरी मौसी हो। अब तुम यहां इस जंगल में आराम से रह सकती हो।'

बिल्ली बोली, 'ना, बाबा, ना! मेरा दोस्त राजू मेरे बिना नहीं रह सकता। इस वक्त भी वह मुझे ढूंढता हुआ रोता होगा। मैं अब अपने गांव वापस जाऊंगी।'

बाघ ने अपनी मौसी बिल्ली पर प्यार से अपना पंजा फेरा और बोला, 'चिल्ली मौसी, जैसी तुम्हारी मर्जी। अब जब भी तुम्हारा मन करे, जंगल में घूमने आ जाना।'

चिल्ली बिल्ली ने अपने गांव की ओर कदम बढ़ा दिए। बाघ राजा और जंगल के सारे प्राणी भी बिल्ली मौसी को विदाई देते हुए बोले, 'जल्द ही फिर मिलेंगे चिल्ली मौसी!'

जंगल से वापस अपने गांव की ओर लौटते हुए चिल्ली बिल्ली मन ही मन में मुस्कुराती हुई पूरे रास्ते बोलती रही, 'मैं तो बाघ की मौसी... मैं तो बाघ की मौसी...!' *

**हिंदी अनुवाद : सेतु अंताणी**

## जीके क्विज-148

1. हाल ही में छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. विग्नेश पुथुर का संबंध किस खेल से है?
3. हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
4. विश्व का सबसे प्रदूषित देश कौन-सा है?
5. किस सिख गुरु ने अमृतसर शहर की स्थापना की थी?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
8. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?
9. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है?
10. विश्व धरोहर दिवस कब मनाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-148 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-147 का उत्तर :** 1. 286 दिन, 2. 58 करोड़, 3. भिवंडी, 4. 7 अप्रैल, 5. हैदराबाद, 6. विल्हेम कोनराड रॉन्टजेन, 7. आयरन (लौह तत्व), 8. माइटोकॉन्ड्रिया, 9. कर्नाटक, 10. क्षिप्रा

**जीके क्विज-147 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, किशन-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-सीतापुर, बालमुकुंद-कुनकुरी, तृप्ति-ईमेल से, ट्विंकल-ईमेल से, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, सचिन-महासमुंद

## रंग भरो-172

**रंग भरो-172** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर



तमन्ना, कोरबा



वेदका, बालोद



रितेश, मटियारी



अथर्व, बिलासपुर


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पलक-अटेली मंडी, रानी-बालाघाट, डॉली-मटियारी, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहन-करनाल, अमन-बिलासपुर, जागृति-कोरबा

## रंग भरो 173



बच्चो, यहां तितली और फूलों का एक सुंदर-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने 12 हवन कुंड में दी आहुति

**सोनीपत।** गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के लिए विभिन्न 12 हवन कुंड बनाए गए। विद्यार्थियों ने हवन कुंड में मां सरस्वती का आह्वान करते हुए मंत्र उच्चारण किया एवं यज्ञ में आहुतियां दी। सभी विद्यार्थियों का स्वागत चंदन के तिलक एवं मिठाई खिलाकर किया गया। इस अवसर पर गेटवे संस्था के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन राकेश अग्रवाल, गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर राहुल मंगला, आर्किटेक्चर कॉलेज की प्रधानाचार्या मोना चंद्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम कुमार ओझा, विद्यालय की उप प्रधानाचार्या रिंपी वर्मा भी मौजूद थी। प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की।

### ड्राइव अग्नेस्ट ड्रग्स पर कार्यक्रम कल

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी नशे के खिलाफ अभियान में अहम भूमिका निभाएगें। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि डीसीआरयूएसटी में शुक्रवार को ड्राइव अग्नेस्ट ड्रग्स अभियान के तहत विवि के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### आगामी बैठक 10 अप्रैल को नगर पालिका कार्यालय में होगी

# विकास कार्यों में तेजी लाने को चेयरमैन ने पार्षदों के साथ किया विचार-विमर्श



**खरखौदा।** पार्षदों संग चर्चा करते चेयरमैन हीरालाल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

■ शहर में बंदरों का आतंक का मुद्दा उठाया

नगर पालिका कार्यालय में चेयरमैन हीरालाल इंदौरा की अध्यक्षता में पार्षदों की एक बैठक हुई जिसमें विभिन्न वार्डों की समस्याएं सुनी गई। पार्षदों ने अपने अपने वार्ड से संबंधित समस्या प्रस्तुत की। पार्षदों का कहना था कि शहर में बंदरों का आतंक काफी बढ़ चुका है। जिन्हें पकड़वाने के लिए पालिका की तरफ से कोई कदम नहीं उठाया गया है। उनका यह भी कहना था कि कई वार्डों में तो बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइट में लगाई गई है और कई वार्डों में स्ट्रीट लाइट अपेक्षाकृत कम लगाई गई हैं।

इतना ही नहीं, स्ट्रीट लाइट खराब होने पर उन्हें समय पर बदला नहीं जा रहा है। सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण शहर के कूड़े का पूरी तरह उठान नहीं हो पाता है और न ही नालों की सफाई नियमित रूप से हो पाती है। शहर में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी की नई पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है लेकिन पाइप दबाने के बाद गलियों में विधिवत रूप से टाइल लगाने का कार्य नहीं किया जा रहा है। जिससे शहर वासियों को आए दिन नित नई समस्या का सामना करना पड़ रहा है। चेयरमैन हीरालाल इंदौरा ने नगर पालिका सचिव पंकज जून को निर्देश दिए कि जो गलियों में नालियों के अंदर पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। जब तक एक गली का कार्य पूरी तरह से पूरा नहीं हो जाता है, तब तक दूसरी जगह कार्य शुरू न कराएं। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुदेश को भी निर्देश दिए गए हैं कि गलियों से उखाड़ी गई टाइलों को एक सप्ताह के अंदर विधिवत रूप से ठीक कराने का कार्य करें। उन्होंने सभी पार्षदों को स्पष्ट किया कि उनके द्वारा जो भी वार्ड संबंधी समस्याएं रखी जाएंगी, उन्हें शीघ्रता के साथ निपटाने का काम किया जाएगा। आगामी बैठक 10 अप्रैल वीरवार को नगर पालिका कार्यालय में निश्चित की गई है।

## वार्ड 16 के सैनी गढ़ी मोहल्ले में मकानों की नपाई काम जारी



**खरखौदा।** शहर के वार्ड 16 स्थित सैनी गढ़ी मोहल्ले में मकानों की नपाई का काम तेजी से चल रहा है। नगरपालिका और तहसील कार्यालय की संयुक्त टीम इस सर्वे को अंजाम दे रही है, जिससे मकानों को वैध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ सके। वीरवार को एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने मोहल्ले का दौरा कर सर्वे कार्य का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 140 मकानों की सूची के आधार पर उनकी नपाई दर्ज की जाए और रिपोर्ट में कोई त्रुटि न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि सर्वे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अगले सप्ताह तक रिपोर्ट सौंपनी होगी। एसडीएम ने मोहल्ले से सटे लगभग साढ़े दस एकड़ तालाब को संरक्षित करने के निर्देश भी दिए। लेकिन अब तालाब की जमीन पर काफी लोगों द्वारा कब्जा करके घर बनाए हुए है। जिससे तालाब लगभग चार एकड़ में सिमट कर रह गया है। उन्होंने नगरपालिका को आदेश दिया कि तालाब की चारदीवारी करवाई जाए और नए अवैध कब्जों को रोका जाए। यदि भविष्य में कोई नया कब्जा होता है तो उसके लिए सीधे तौर पर नगरपालिका अधिकारी जिम्मेदार होंगे। निरीक्षण के दौरान कानूनगो नरेंद्र कुमार और पटवारी फूल कुमार भी मौजूद रहे।



**राई।** विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत का आभार व्यक्त करने पहुंचे ग्रामीण।

## अटेरना स्कूल की वर्षों पुरानी मांग करवाई पूरीः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

■ बेहतरीन शिक्षा व्यवस्था के साथ मूल सुविधाओं को सुदृढ़ करना ही प्राथमिकता

राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने अटेरना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कॉमर्स तथा साइंस संकाय शुरू करवाने की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करवाया है। उन्होंने विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 33 केवीए अटेरना पावर हाउस के वैक्यूम सर्किट ब्रेकर को बदलवाने के लिए भी 65 लाख रुपये की स्वीकृति दिलाई है। इसके लिए ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना था कि इससे अटेरना सहित पतला, नांगल, मनोली, भैंरा, खुर्रमपुर आदि गांवों के विद्यार्थियों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम राई सब डिवीजन के अंतर्गत आने वाले गांव नांगल, पतला, अटेरना, मनौली, भैरा बांकीपुर, पबसरा, खुर्मपुर जिनकी बिजली सप्लाई 33 केवीए अटेरना पावर हाउस से चलती है। इस पावर हाउस की 11 केवीए वीसीए (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) बहुत ही खराब हालत में है, जिसके कारण विद्यतु आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं चल पाती।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर राजेश राणा, तहार सिंह, राजेंद्र सिसोदिया, मास्टर हरदत्त, प्रिंसीपल शक्ति, करणी सेना के प्रदेश संगठन महामंत्री दीपक चौहान, सोनू, डा. ताराचंद, राजेश, रामफल, जयराम, इंद्र, सुरेंद्र, हरकिशन आदि मौजूद रहे।

### डिजिटल मार्केटिंग कोर्स संपन्न, 35 छात्राओं ने लिया भाग



**सोनीपत।** टीका राम कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा डिजिटल मार्केटिंग विषय पर सर्टिफिकेट कोर्स 27 जनवरी से शुरु किया गया। जिसका समापन 7 मार्च को हुआ। कोर्स में 35 छात्राओं ने हिस्सा लिया। कोर्स की समाप्ति पर कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्राचार्या ने भी कोर्स छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग की महता के बारे में बताया। इस दौरान डॉ. निशा, डॉ. मोनिका, सुमन, मीनाक्षी व सीमा मौजूद रहे।

### प्राइवेट प्ले स्कूल का पंजीकरण करवाना अनिवार्य, आवेदन 30 तक करें

**सोनीपत।** नगराधीश डॉ. अनमोल ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली व महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकूला द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार जिले में चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला में प्राइवेट प्ले स्कूल के पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक प्ले स्कूल संचालक 30 अप्रैल 2025 तक महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का दाखिला करवाने से पहले प्ले स्कूल की मान्यता की जांच अवश्य कर लें। नगराधीश ने जिले के सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों से आह्वान किया गया है कि वे अपने प्राइवेट प्ले स्कूल का विभागीय दिशा निर्देशानुसार जल्द से जल्द पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें अन्यथा इसके बाद बिना पंजीकरण के चल रहे प्ले स्कूलों को नियमानुसार बंद करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### पीजी के बाहर से कंपनी कर्मचारी का दो-पहिया वाहन चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में स्थित पीजी के बाहर से कंपनी कर्मचारी के दो-पहिया वाहन के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। उत्तर प्रदेश निवासी ऋषभ ने बताया कि वह लिवासपुर स्थित जय दुर्गा इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में काम करता है। वह बहालगढ़-मेरठ रोड पर पीजी में रहता है। उन्होंने कंपनी से वापस आकर बाइक पीजी के बाहर खड़ी की थी। बाद में बाहर आए तो बाइक नहीं मिली। बाइक को कोई चोरी कर ले गया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। बहालगढ़ थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बाइक चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

# भारी मात्रा में अवैध हथियारों सहित तीन गिरफ्तार, भेजे जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



■ जेल में बंद माया के लिए करते थे तस्करी

■ आरोपित को तीन दिन के रिमांड पर भेजा

**दो आरोपितों को जेल भेजा**

अवैध हथियारों सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें अदालत में पेश किया। अदालत ने दो आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जबकि एक आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।
-**अजय धनखड़,** सेक्टर-7 एसएजी यूनिट प्रभारी

एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित महक उर्फ हन्नी व अंकित निवासी भिगान व रिंकू उर्फ छोटा निवासी मंडोरी हाल में राजीव कॉलोनी का है।

पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर दो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर अजय धनखड़ ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उनकी टीम एएसआई अमित के नेतृत्व में केजीपी पर गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि कार सवार तीन युवक उत्तर प्रदेश से भारी मात्रा में अवैध हथियार लेकर आएंगे। जिसके बाद जाखौली टोल प्लाजा के पास टीम ने नाकाबंदी कर दी। इसी बीच यूपी की तरफ से वैगन आर कार आती दिखाई। पुलिस ने कार को शक की आधार पर रोक लिया।

पुलिस ने कार सवार तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उनकी कार की तलाशी ली तो आठ देशी पिस्तौल, पांच मैगजीन दो कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।अजय धनखड़ ने बताया कि आरोपितों से शुरुआती पूछताछ में पता लगा कि वह हथियार पंजाब जेल में बंद सोनीपत के कुख्यात बदमाश माया के कहने पर लेकर आए थे। माया हत्या, लूट-डकैती के मामलों में नामजद रहा है। माया की हथियार तस्करी में पकड़े गए आरोपित महक उर्फ हन्नी से दोस्ती है। उसके चलते ही वह दो अन्य आरोपितों के संपर्क में आया था। आरोपितों का कहना है कि माया उनके पास अपने साथी को भेजता था जो उनसे हथियार लेकर जाता था।

## लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहे समाधान शिविर : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** अधिकारियों की बैठक लिए हुए एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय व बैठक में मौजूद एसीपी ऋषिकांत, नायब तहसीलदार अभिमन्यु व अन्य अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने गुरुवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक बुलाई। एसडीएम ने बैठक में समाधान शिविर में बीते पंद्रह दिनों में शिकायतों की समीक्षा की। समाधान शिविरों में अब तक 28 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। अंजलि श्रोत्रिय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों को लेकर आगामी 15 दिन में कार्रवाई रिपोर्ट पेश करें।आईएएस अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि लोगों की समस्याओं के जल्द समाधान के लिए सरकार द्वारा समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविरों में पहुंच रही समस्याओं का समाधान करवाया जा रहा है जिससे ये शिविर लोगों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं। उनके अनुसार पिछले पंद्रह दिनों में लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में 28 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। शिकायतों को निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों के पास भेज दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी पंद्रह दिन में शिकायतों को लेकर अपनी कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में एसीपी ऋषिकांत, नायब तहसीलदार गोहाना अभिमन्यु, नायब तहसीलदार उप तहसील खानपुर कलां अशोक खानपुर, एसईपीओ राजकुमार व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## छत्रपति शिवाजी महान योद्धा एवं कुशल प्रशासक थेः जगदीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** समारोह में छत्रपति शिवाजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

पुरानी सब्जी मंडी के समीप स्थित शहीद मदनलाल धींगड़ा पार्क में गुरुवार को छत्रपति शिवाजी की 345वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने छत्रपति शिवाजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। श्रद्धांजलि समारोह का मार्गदर्शन पार्क सुधार सभा के अध्यक्ष जगदीश चिंदा ने किया । आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक महान योद्धा, कुशल प्रशासक और सच्चे राष्ट्र नायक थे। उनकी बहादुरी, रणनीति और शासन प्रणाली आज भी प्रेरणादायक है। उनका जीवन हमें संघर्ष, स्वाभिमान और साहस की प्रेरणा देता रहेगा। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के महासचिव मदनलाल अत्री ने की। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी की नीतियां आज के शासन और प्रबंधन में पूरी तरह प्रासंगिक हैं। 3 अप्रैल 1680 को उनका निधन हुआ था। उनको युगों-युगों तक वीरता, साहस, देशभक्ति और न्याय के प्रतिक के रूप में याद किया जाता रहेगा। इस मौके पर गुलशन शर्मा, राजू, श्रीपाल, अजय, सुशील, दीपक, मोहित पवार, सागर, नवीन, रोहित सोलंकी, निरंजन चहल व राजेश भाटिया मौजूद रहे।

## किसानों व आढ़तियों की सुविधाओं का ध्यान रखें अधिकारी : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



विधायक पवन खरखौदा ने वीरवार को एसडीएम डॉ. निर्मल नागर के साथ अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने मार्केट कमेटी के सचिव व अन्य स्टाफ को निर्देश दिए कि किसानों व आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। विधायक ने अटल किसान-मजदूर कैंटीन का निरीक्षण करके खाने की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एक महिला ने अनाज मंडी में महिलाओं के लिए अलग से शौचालय बनाने की बात कही। विधायक ने तुरंत महिलाओं के लिए अलग से शौचालय बनाने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की गेहूं व सरसों की फसल समय पर खरीदी जाए और खरीद एजेंसियां सुचारू रूप से काम करें। इस दौरान एक किसान ने सरसों की खरीद न होने की शिकायत की। जिस पर विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मंडी में चौकीदार रखने की मांग पर विधायक ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

### भगत फूल सिंह महिला विवि में मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन

# भगत फूल सिंह नारी उत्थान के पुरोधा थे : जय सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना





**गोहाना।** भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते लेफ्टिनेंट जनरल जयसिंह नैन, कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य और भारतीय सेना के टैंक, टी-55 वॉर मेमोरियल का उद्घाटन करते लेफ्टिनेंट जनरल जय सिंह नैन, कुलपति प्रो. सुदेश।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में वीरवार को जन संपर्क विभाग तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मोटिवेशनल विस्तृत व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भारतीय थल सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल व वर्तमान में हरियाणा सरकार में युवा सशक्तिकरण व उधमिता, सलाहकार जय सिंह नैन ने बतौर मुख्य अतिथि छात्राओं से संवाद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। मुख्य अतिथि जय सिंह नैन ने महिला विवि में पहुंचने के बाद भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी और भगत फूल सिंह को नारी उत्थान के पुरोधा की संज्ञा दी।

सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जय सिंह नैन ने भारतीय सेना में महिलाओं की एंट्री के बारे में विस्तार से चर्चा की और बताया कि नेशनल डिफेन्स अकादमी व इंडियन मिलिट्री अकादमी में महिलाओं के लिए पद आरक्षित हैं। उन्होंने एनसीसी की छात्राओं को कहा कि ये छात्राएं अन्य छात्राओं से अलग हं। इनमें देशभक्ति की एक अलग भावना होती है। एनसीसी कैडेट्स में अनुशासन में रह कर देश के लिए कुछ कर गुजरने का मादा होता है। छात्राएं जब सेना में भर्ती होकर वर्दी पहनती हैं तो उनमें देशभक्ति का एक अलग ही जज्बा होता है। एक सैनिक के लिए देश सर्वोपरि होता है। लेफ्टिनेंट जनरल नैन ने भगत फूल महिला विश्वविद्यालय में स्थित भारतीय सेना के टैंक, टी-55 वॉर मेमोरियल का उद्घाटन किया। वे बोले कि इस क्षेत्र का भारतीय सेना में विशेष सहयोग है। यहां के युवा भारतीय सेना में सेवा करना केवल नौकरी नहीं बल्कि अपना सौभाग्य समझते हैं। महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि यह कार्यक्रम निश्चित ही छात्राओं के लिए बहुत लाभकारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जीवन में चुनौतियों को स्वीकार सीखें और उन्हें एक अवसर के रूप में लेकर आगे बढ़ें। हमें अपने रास्ते स्वयं ही बनाने होते हैं।

### कॉलेज के छात्रों ने किया खांडा का आर्थिक व सामाजिक सैंपल सर्वेक्षण, सरपंच तथा ग्रामवासियों ने किया स्वागत



**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा के भूगोल विभाग के तृतीय वर्ष के छात्रों ने गुरुवार को गांव खांडा का जनसंख्या तथा आर्थिक व सामाजिक सैंपल सर्वेक्षण किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ तरण नेगी ने प्रातः 9.30 बजे सर्वेक्षण टीम को डॉ अनीता राणा (सहायक प्राध्यापिका भूगोल) के साथ अपना आशीर्वाद दे कर रवाना किया। गांव में पहुंचने पर सरपंच सरिता देवी तथा ग्राम वासियों ने उनका स्वागत किया। सरपंच सरिता देवी के अनुसार खांडा गांव एक ऐतिहासिक गांव है। जहां चार निजी विद्यालय, दो सरकारी विद्यालय तथा एक आयुर्वेदिक औषधालय है। इस गांव की जनसंख्या लगभग चार हजार है। जहां पुरुष तथा महिला का लिंगानुपात सदैव समान रहता है। यहां महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव में एक राम मंदिर है, जो अयोध्या राम मंदिर के समान ही लोगों की आस्था का केंद्र हैं। इस गांव का पर्यावरण बहुत शुद्ध है, जो कि धुएं और प्रदूषण से दूर है। यहां अलग-अलग तरह के पेड़ पौधे तथा अमरूद के बाग मौजूद हैं। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। यह एक स्वच्छ और निर्मल गांव है। ग्रामीण वासी नई तकनीक को भी अपने जीवन में अपना रहे हैं। यहां एक कंप्यूटर सेंटर है, जिसकी संचालिका सरिता देवी हैं। यहां गांव के बच्चे कंप्यूटर की शिक्षा ग्रहण करते हैं। इस गांव में दूरसंचार के लिए एक डाकखाने की व्यवस्था है। बंदा वीर बहादुर ने इतिहास में कभी इस गांव में शरण ली थी। विद्यार्थियों का अनुभव बहुत अच्छा रहा। इस अवसर पर उप प्राचार्य किरण सरोहा ने कहा कि इस प्रकार के छोटे-छोटे सर्वेक्षणों से ही बच्चों में शोध की प्रवृत्ति विकसित होती है। इस सर्वेक्षण कार्य में डॉ संगीता मान, जगबीर सिंह, रवि और कुलदीप का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### मुद्दों से ध्यान भटका रही भाजपा : राकेश सौदा

**सोनीपत।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने प्रैस को ब्यान जारी करते कहा कि सरकार वक्फ संशोधन बिल की आड़ में देश के मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है। सरकार के पास अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ, बढ़ाए गए टोल टैक्स, महंगाई और बिजली दरों में बढ़ोतरी पर पर जनता को जवाब देने के लिए शब्द नहीं है।

### जरूरतमंद विधवाओं को दी जाएगी पेंशन

**सोनीपत।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत ईकाई, युवा ईकाई, महिला ईकाई की आज एक मीटिंग सम्मेलन के संरक्षक जितेंद्र गुप्ता के स्कूल में सम्पन्न हुई। मीटिंग गायत्री मंत्र के उच्चारण से शुरू की गई। मीटिंग में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले विधवा पेंशन वितरण के बारे में विचार किया गया।

### श्रद्धालुओं ने मनाया बाबा हरिदास का जन्मदिवस

**सोनीपत।** हरसाना मालचा स्थित बाबा हरिदास मंदिर में वीरवार को भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। लहराड़ा स्थित दादा मोहनदास धाम के महंत विजय नाथ महाराज की देखरेख में बाबा हरिदास का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। बाबा विजयनाथ ने बताया कि आज छठ के दिन बाबा का जन्म हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा भाईचारे को बढ़ाने का प्रयास किया।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**सोनीपत।** गांव हरसाना कलां स्थित बाबा हरिदास मंदिर में वीरवार को पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने बताया कि मंदिर प्रांगण में पौधे लगाए गए हैं और आने वाले दिनों में यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने संदेश दिया कि हर आदमी को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।

## उपायुक्त के नाम भेजी शिकायत, लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# सिटावली-खानपुर रोड को जोड़ने वाले सड़क मार्ग नवीनीकरण में गड़बड़झाला

**रेत के ऊपर बिछाई जा रही प्री-मिक्स कारपेट की लेयर, ग्रामीणों ने कार्य को करवाया बंद**



सोनीपत। रेत व टाइल के ऊपर डाली जा रही लेयर व विरोध करते ग्रामीण।

- रेत व टाइलों के ऊपर लेयर बिछाने का वीडियो सोशल साइटों पर वायरल
- विभाग की तरफ से जारी किया था टेंडर, आठ लाख रुपये निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में सड़कों के निर्माण कार्य व विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। जुआं गांव से सिटावली-खानपुर को जोड़ने वाली सड़क मार्ग के निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य में अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से रेत के ऊपर सड़क बिछाए जाने का आरोप है। आरोप है कि मिट्टी के ऊपर बिना सफाई के सड़क बनाई जा रही है और पंचायत की इंटरलॉक टाइल पर ही सड़क बना दी गई है। बृहस्पतिवार को मार्केट कमेटी द्वारा सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। लगभग 8 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 520 मीटर लंबी इस सड़क के निर्माण में ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक पर रखने और रेत पर बिना साफ सफाई के ही सड़क बनाने का आरोप लगाया गया है, जिसके चलते ग्रामीणों ने काम रुकवा दिया और अधिकारियों पर ठेकेदार से मिलीभगत का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त से शिकायत लिखकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### 8 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया

बता दें कि गांव जुआं में मार्केट कमेटी गोहाना द्वारा जुआं गांव से सिटावली और खानपुर को जोड़ने वाले रास्ता पर सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इस 520 मीटर लंबी सड़क के लिए लगभग 8 लाख रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, सड़क निर्माण में 75 मिलीमीटर पत्थर डालकर उसके ऊपर 20 मिलीमीटर का प्रीमिक्स कारपेट बिछाया जा रहा है।



### अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप

ग्रामीणों को आशंका है कि ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से यह सारा गड़बड़झाला चल रहा है। उनका मानना है कि जिस प्रकार से बिना साफ-सफाई के सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है, उससे सड़क की मियाद बहुत कम होगी और कुछ ही दिनों में वह उखड़ जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि मिट्टी पर प्री-मिक्स कारपेट डालने से वहां चलने के कुछ ही दिन बाद ही सड़क बिखर जाएगी और गड्ढों में तब्दील हो जाएगी, जिससे उन्हें फिर से परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### वर्जन

इस संबंध में सूचना मिली है। मामले को लेकर अधिकारी को भेजा गया है। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने दी जायेगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व ठेकेदार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

*बिजेंद्र सिंह हुड्डा, सब डिवीजन इंजीनियरिंग, गोहाना।*



गन्नौर। व्यापार मंडल गन्नौर के प्रधान स्वर्गीय शेखर जैन की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

## शेखर ने हमेशा समाजहित में काम किए : कादियान

- गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

व्यापार मंडल गन्नौर के प्रधान एवं विभिन्न संस्थाओं से जुड़े स्वर्गीय शेखर जैन की श्रद्धांजलि सभा में विधायक, नगर निगम मेयर, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों के अलावा गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि स्वर्गीय शेखर जैन ने हमेशा समाजहित में कार्य किया। उनके बेहतर स्वभाव के कारण उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

वे विभिन्न धार्मिक व समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े रहे। उनका कर्म ही उनकी पहचान है। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि स्वर्गीय जैन ने समाज के लिए समर्पित भाव से काम किया। इसलिए इस संस्कार से चला जाता है लेकिन उनके द्वारा किए गए काम हमेशा याद किए जाते है। वे अपने मानव जीवन के सार्थक करके गए। मानव जीवन का काम केवल घर परिवार चलाना ही नही बल्कि समाजहित में काम करें। इस मौके पर नपा अध्यक्ष अरूण त्यागी, पूर्व विधायक निर्मल चौधरी, भाजपा नेता आजाद नेहरा, निर्मल चौधरी, सुनील जैन, राजकुमार अग्रवाल, भूषण हसीजा, पूर्व चेयरमैन सुनील लम्बू के अलावा शहर के सभी पार्षदगण, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि ने स्वर्गीय शेखर जैन को श्रद्धांजलि दी।

## कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा

- अगवानपुर गांव में 60 लाख की लागत से विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

ग्राम पंचायत अगवानपुर में गुरुवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने करीब 60 लाख रुपये से अधिक की लागत वाले विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पंचायत घर में 17 लाख की लागत से लाइब्रेरी हॉल, 15 लाख की लागत से एक नई चौपाल और 10 लाख की लागत से पार्क का जीर्णोद्धार किया गया। इसके अलावा 18 लाख की लागत से बनने वाली एक और चौपाल का शिलान्यास भी विधायक ने किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया। गांव राजलू गढ़ी सहित आधा दर्जन गांवों में में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में राजलू गढ़ी सरपंच बिजेन्द्र राठी व ग्रामीणों ने विधायक का बुके और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। विधायक के साथ पहुंचे एसडीएम प्रवेश कादियान और नायब तहसीलदार गजे सिंह का भी अभिनंदन किया गया। उक्त गांवों के सरपंचों ने गांव की विकास संबंधी मांगें विधायक के सामने रखीं। विधायक ने भरोसा दिलाया कि पंचायत द्वारा दी गई सभी मांगें पूरी होंगी। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विधायक कादियान ने बांय, बड़ौत, भोगीपुर, राजलू गढ़ी, छोटी गढ़ी, भूरी, कामी, थरया और शहजादपुर गांवों का भी दौरा किया। वहां लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समय पर समाधान के निर्देश दिए। पंचायतों की मांगों को पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।



## नपा में शामिल होने से विकास प्रभावित होगा

## ग्राम पंचायत टेहा को नपा में शामिल करने का किया विरोध

- सरपंच बोले-ग्रामीणों के साथ खड़े रहेंगे, जरूरत पड़ी तो उच्च न्यायालय भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

ग्राम पंचायत टेहा को नगरपालिका में शामिल करने का विवाद बढ़ गया है। वीरवार को ग्रामीणों ने सरपंच आशीष त्यागी के नेतृत्व में उनके गांव को नगरपालिका में शामिल करने की योजना के खिलाफ विरोध जताया। ग्रामीणों ने कहा कि नपा में शामिल होने से गांवों का विकास प्रभावित होगा। उन्हें छोटे-छोटे कामों के लिए नगरपालिका के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

सरपंच आशीष त्यागी, पंचायत सदस्य विनोद कुमार, ग्रामीण, सीता राम, कृष्ण कुमार, प्रवेश कुमार, अंकित आदि ने कहा कि ग्रामीण नहीं चाहते कि उनका गांव नगरपालिका में शामिल किया जाए।



ग्राम पंचायत टेहा को नगरपालिका में शामिल किए जाने का विरोध करते ग्रामीण।

## रोजगार के अवसरों के बारे में किया मार्गदर्शन



गन्नौर। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कंपनी अधिकारी व निदेशक डा. नीरज। फोटो :हरिभूमि

**गन्नौर।** डीआईटीएम इन्जीनियरिंग कालेज में सोफकोन इंडिया प्राईवेट लिमिटिड कंपनी द्वारा छात्रों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को नई तकनीकी विषयों के बारे में अवगत कराया गया और उन्हें विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम तकनीकी विकास और उनकी कैरियर संभावनाओं के बारे में समझाना था। कॉलेज के निदेशक जनरल डॉ. नीरज कुमार व चेयरमैन संजीव कुमार जैन ने छात्रों और सभी उपस्थित कर्मचारियों को प्रेरित किया। प्रतिनिधियों ने छात्रों को उनके भविष्य के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल और रोजगार के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया।



गांव बांय के खेत में गेहूं की फसल की कटाई करते विधायक देवेंद्र कादियान।

### विधायक ने काटी गेहूं की फसल

**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने वीरवार को किसानों के साथ मिल कर खेत में पकी गेहूं की फसल की कटाई की। विधायक अपने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान जब वे बांय गांव जा रहे थे, तो रास्ते में किसानों को गेहूं काटते देखा तो उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाकर किसानों से मिलने खेत में पहुंचे। उन्होंने किसानों के साथ बातचीत की। इसके बाद उन्होंने दराती लेकर खुद गेहूं काटना शुरू कर दिया। विधायक को अपने साथ काम करता देख किसान उत्साहित हो गए। उन्होंने कहा कि पहली बार कोई विधायक उनके साथ इस तरह काम करता दिखा है। कादियान ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी फसल के हर दाने की खरीद होगी और कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वे खुद किसान परिवार से हैं और किसानों की समस्याओं को अच्छे से समझते हैं।

### प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**सोनीपत।** गेटवे शिक्षण संसथान में वार्षिक महोत्सव युगांतर 2025 के पहले दिन दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न कॉलेजों से आए करीब 2500 छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस दौरान मैनियाः द क्लैश ऑफ डाइस (लूडो प्रतियोगिता), प्रेजेंटेशन मैनिया (स्लाइड शो प्रतियोगिता), टेक डिबेट प्रतियोगिता 'टग ऑफ वर्ड्स', तकनीकी क्विज 'कोड क्वेस्ट', टग ऑफ वार (पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग आयोजन), बैकवर्ड रनिंग रेस, टी-शर्ट पेंटिंग और वेब विजार्ड जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।टग ऑफ वार में गेटवे इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैनेजमेंट विभाग की बीबीए छात्राओं की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की, जबकि बी.टेक सीएसई विभाग की टीम ने भी बेहतरीन खेल दिखाते जीत दर्ज की।



सोनीपत। प्रतियोगिता में हिस्सा लेती प्रतिभागी छात्राएं।



गन्नौर। रौनक स्कूल प्रधानाचार्या रजनी शर्मा का स्वागत करते हुए।

### छात्रों का तिलक लगाकर किया अभिनंदन

**गन्नौर।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिवस पर सभी छात्रों का तिलक के साथ अभिनंदन किया गया। वहीं एमोच्चर कबड्डी एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय सब-जूनियर सोनीपत का मैच भी करवाया गया। जिसमें सभी शिक्षकों ने बड़े ही उल्लास और जोश के साथ नये विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में रौनक पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने भी शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर शर्मा का अपोलो स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता यादव ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। रौनक पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नए सत्र पर स्कूल में आने पर बच्चों को बहुत खुशी होती है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।



नेत्र जांच करते हुए चिकित्सक।

### 172 रोगियों के नेत्र जांचे

खरखौदा। ठाकुर जी की रसोई और युवा शक्ति क्लब के सौजन्य से वीरवार को लाला जय नारायण धर्मशाला, खरखौदा में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र जांच एवं ऑपरेशन, न्यूरोथैरेपी, फिजियोथैरेपी, हड्डियों की जांच, स्त्री रोग व जनरल फिजिशियन जैसी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। जिससे बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को लाभ मिला। इस शिविर में हरियाणा सहित अन्य राज्यों से भी मरीजों की संख्या बढ़ी। शिविर के संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत 172 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 22 मरीजों को शेख सराय, दिल्ली स्थित वेणु आई हॉस्पिटल में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भेजा गया। मरीजों के आने-जाने, ठहरने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई। इसके अलावा, आंखों की सामान्य बीमारियों की भी जांच की गई।

### छात्रा सुनैना



### बॉक्सर सुनैना ने स्वर्ण पदक जीता

**सोनीपत।** रोहतक में 30 मार्च, से 3 अप्रैल तक नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता (अंडर 15) का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स स्कूल व एकेडमी, सोनीपत की बॉक्सर सुनैना ने स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि सुनैना ने 60 किलो भारवर्ग में खेलते हुए अपने सेमीफाइनल मुक़ाबले में पंजाब की इशमीत कौर को 5-0 के स्कोर से व फ़ाइनल मुक़ाबले में आसाम की संगीता सोनवाल को हराकर स्वर्ण पदक जीता। साथ ही अम्मान, जॉर्डन में 17 अप्रैल से 1 मई, 2025 तक आगामी अंडर 15 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए भी चयन हुआ। सुनैना के अभिभावक इस जीत से बहुत ही खुश थे उन्होंने इस जीत का श्रेय विद्यालय प्रशासन को दिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सुनैना को बधाई दी व आगामी अंडर 15 एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

कार्यक्रम

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में नये शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

# हवन प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति का आधार रहा: सुधीर जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बृहस्पतिवार को मंत्रों और हवन की आहुतियों के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुधीर जैन ने कहा कि हवन यज्ञ प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति का आधार रहा है। हवन यज्ञ से वातावरण संग तन-मन की शुद्धि होती है

### कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ने के लिए प्रेरित किया



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों व स्टाफ संग हवन यज्ञ में आहुति देती प्राचार्या गीता चोपड़ा। फोटो :हरिभूमि

### ये रही मौजूद

उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं का नए सत्र में स्वागत किया और उन्हें कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भरोसा जताया कि नए सत्र में भी उनके स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले व स्कूल का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, नमिता, संगीता, रेखा जैन, मधु, मीनाक्षी, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सपना, सोनिया मदान, ज्योति, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी, पीटीआई राखी आदि मौजूद रही।

## हरियाणा के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री आज करेंगे अधिकारियों के साथ बैठक

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिला में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए हरियाणा के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा 4 अप्रैल को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं, पीडब्ल्यूडी से संबंधित सड़कों के कार्यों, कॉलेज बिल्डिंग, अस्पताल, सिंचाई, एचएसवीपी विभाग से संबंधित कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, स्पोर्ट्स व शहरी निकाय से संबंधित कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

PARAS CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
Paras CA Foundation RESULT 80% to 90%
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
Admission OPEN FOR CA Foundation Sept. 25
350 344 339
Batches Start 8th April 25
Book your seat now
Near City Mall, Sonipat
Call : 9149112716 7015755714